ग्रामीणों के बीच फैलाया जा रहा जागरुकता

हाटगम्हरिया. हाटगम्हरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर ग्रामीणों को प्रधान संस्था की ओर से कोरोना के प्रति जागरूक किया जा रहा है. ग्रामीण क्षेत्र में सभी महिलाओं को पानी ढोने के स्थान पर डिस्टेंसिंग में चिन्ह लगाकर पानी उठाने के लिये प्रेरित किया गया. बिना हाथ धोये अपने चेहरे को नहीं छूना और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना है. इसी तरह एक जगह पर लोगों को इकट्ठा नहीं होना है. एक दूसरे से दूरी बनाकर रखने की बात कही गयी. वहीं ग्रामीणों के बीच चावल, आलू, दाल, प्याज, नमक, हल्दी-मसाला, साबुन, सेनिटाइजर आदि का वितरण किया गया. मौके पर हसन अदीब खान, धनसिंह पिंगुवा, शिशिर साहू, भजमति सिंकु, नेदी, प्रकाश, गोमा, कृष्णा, प्रमिला सिंकु, मुक्ता रानी आदि मौजूद थे.